DEVABN-JNROEST(MISW)/242/2025-EXN-JNR-ABN 1/574462/2025

कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 4480 ई-आफिस / JJM / 2025-26/ 552 दिनाँक-.13../11/2025

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-14/11/2025 को जिलाधिकारी महोदय के द्वारा जिला विकास अधिकारी के साथ जिला सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के साथ AE/JE,DPMU,व दोनों फर्म वेलस्पन/VTLके प्रो0 मैनेजर के साथ सम्बन्धित ब्लाक हेडके द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों एवं VTL व वेलस्पन के प्रो0 मैनेजर को निम्न निर्देश दिये गये -

1. यह कि विगत बैठक दिनाँक-16/10/2025 के पश्चात VTLकम्पनी द्वारा मात्र 11 शिरोपरी जलाशय का निर्माण किया गया तथा वेलस्पन कम्पनी द्वारा कोई भी शिरोपरी जलाशय पूर्ण नहीं किया गया। यद्यपि वेलस्पन कम्पनी के प्रो0 मैनेजर द्वारा अवगत कराया कि अगले बैठक तक 05 शिरोपरी जलाशय के निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि दोनों फर्म मैन पावर लगाकर शिरोपरी जलाशय के निर्माण कार्य मे प्रगति लाये।
2. यह कि अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है कि दिनाँक-20/11/2025 को जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से O&M की श्रेणी में घोषित 55 पेयजल परियोजनाओं का सत्यापन कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
3. यह कि अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ AE/JE के माध्यम से दोनों फर्मो द्वारा जल जीवन मिशन के कार्य में लगाये गये मैन पावर की सुबह-शाम जियों टैग फोटो लेकर अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख प्रतिदिन अवलोकित कराना सुनिश्चित करें।
4. यह किIGRS पोर्टल पर 295 एवं JJM हेल्पलाइन पोर्टल पर 301 शिकायतें निस्तारण हेतु अवशेष हैं। निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियन्ता उपरोक्त समस्त शिकायतों की सूची दोनों फर्म को उपलब्ध करायें तथा दोनों फॉर्म मैनपॉवर लगाकर समय सीमा के अन्तर्गत शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी ध्यान रहे की कोई भी शिकायत Deflater की श्रेणी में न जायें।
5. यह कि महोदय द्वारा पूछे जाने पर दोनों फर्मो द्वारा अवगत कराया गया कि O&M की श्रेणी में अंकित 125 पेयजल परियोजनाएँ जिनमें 121 VTL एवं 04 वेलस्पन कम्पनी की है इनमें कार्यरत पम्प ऑपरेटर/गार्ड का माह-अक्टूबर-2025 तक बकाया वेतन भुगतान किया जाना है। दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया है कि दिनाँक-20/11/2025 तक प्रत्येक दशा में O&M में घोषित पेयजल परियोजनाओं के पम्प आपरेटर/गार्ड का मासिक वेतन भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by
ANUPAM SHUKLA
Date: 17-11-2025
10:44:58

(अनुपम शुक्ला)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक महोदय राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को सूचनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर को सूचनार्थ।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषीअभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनीअम्बेडकरनगरको अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

1-GV